भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 104

उत्तर देने की तारीख 22 जुलाई, 2024

31 आषाढ़, 1946 (शक)

भारत में 2036 में ओलंपिक आयोजित करने का प्रस्ताव

104. श्री सी. एम. रमेश :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारत में वर्ष 2036 में ओलंपिक आयोजित करने का प्रस्ताव किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार योग, ट्वेंटी-20 क्रिकेट, कबड्डी, शतरंज, स्क्वैश और खो-खो को 2036 में ओलम्पिक खेलों में शामिल करने पर जोर दे रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) ओलंपिक के लिए मेजबानी के अधिकार का आवंटन अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा पब्लिक डोमेन में विस्तृत मेजबान चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है। आईओसी में एक समर्पित निकाय, फ्यूचर होस्ट कमीशन (एफएचसी) है, जो इस मामले को देखता है। इच्छुक राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को एफएचसी के साथ वार्ता शुरू करने की आवश्यकता होती है, जो बाद में एक सतत वार्ता और अंत में, चयनित एनओसी के साथ एक लक्षित वार्ता बन जाती है। जैसे ही एफएचसी इस संवाद को पूरा कर लेता है, तो आईओसी कार्यकारी बोर्ड एक चुनाव आयोजित करता है जिसमें सदस्य संबंधित ओलंपिक खेलों की मेजबानी के अधिकार के लिए मतदान करते हैं। भारत के लिए एनओसी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने एफएचसी के साथ संवाद प्रक्रिया शुरू कर दी है।

(ख) और (ग): ओलंपिक खेलों में किसी भी खेल विधा को शामिल करने का निर्णय अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) द्वारा लिया जाता है।इसके अतिरिक्त, आईओसी ने निर्धारित किया है कि किसी खेल विधा को एक अंतर्राष्ट्रीय परिसंघ द्वारा शासित किया जाना चाहिए जो ओलंपिक चार्टर के नियमों का पालन करता हो और वह खेल दुनियाभर में व्यापक रूप से लोकप्रिय हो तथा विभिन्न मानदंडों को पूरा करता हो। जब तक आईओसी कार्यकारी बोर्ड द्वारा अन्यथा निर्णय नहीं लिया जाता है तब तक आईओसी के सर्वोच्च निकाय अर्थात सत्र द्वारा सैद्धांतिक रूप से संबंधित ओलंपिक खेलों के शुभारंभ से सात वर्ष पहले लिया गया निर्णय या ओलंपिक खेलों के संबंधित मेजबान का चुनाव करने वाले सत्र द्वारा लिया गया निर्णय, जो भी बाद में हो, मान्य होगा ।

****